ExamOne®
A Quest Diagnostics Company

# बीमा आवेदक के लिए निर्देश

**पैरामेडिकल परीक्षण क्या होता है?**
पैरामेडिकल परीक्षण, आपकी चिकित्सा के इतिहास के बारे में जानकारी एकत्रित करने के लिए आपका व्यक्तिगत साक्षात्कार होता है। यह साक्षात्कार फोन पर या परीक्षण के समय आमने-सामने भी हो सकता है । यह जानकारी बीमा कंपनी को आपके वर्तमान स्वास्थ्य का व्यापक मूल्यांकन करने में मदद करती है। इस परीक्षण में सामान्यतः कद, वज़न, रक्तचाप और नाड़ी की रिकॉर्डिंग शामिल होती है। इस परीक्षण में बीमा कंपनी के दिशानिर्देशों के अनुसार रक्त, मूत्र, मौखिक तरल पदार्थ एकत्र करना, और एक इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम (EKG) भी शामिल हो सकते हैं।

**परीक्षण का अनुमानित समय**
- रक्त और मूत्र का नमूना लेने के लिए 10 से 20 मिनट
- पैरामेडिकल परीक्षण, रक्त और मूत्र का नमूना लेने के लिए 20 से 30 मिनट
- पैरामेडिकल परीक्षण, रक्त और मूत्र का नमूना लेने, और EKG के लिए 30 से 45 मिनट

**परीक्षण कहाँ किया जाता है?**
ExamOne के पेशेवर आपके घर, कार्यस्थल, या ExamOne या Quest Diagnostics स्थल पर परीक्षण करते हैं।

**यदि रक्त का नमूना लेना हो तो?**
यदि बीमा कंपनी को रक्त के नमूने की आवश्यकता हो, तो ExamOne का चिकित्सकीय रूप से प्रशिक्षित पेशेवर रक्त का नमूना लेगा। रक्त नमूना लेने के लिए केवल एक बार प्रयोग होने वाली जीवाणुरहित, डिस्पोजेबल सूईयों का ही उपयोग किया जाता है और विनाइल दस्ताने हमेशा पहने जाते हैं।

**EKG क्या होता है?**
यदि बीमा कंपनी को इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम (EKG) की आवश्यकता हो, तो यह परीक्षण के समय किया जाएगा। EKG हृदय के विद्युत् आवेगों को रिकॉर्ड करता है। परीक्षण सामान्यतः 10 मिनट से कम समय में पूरा हो जाता है।

**परीक्षण पूरा होने के बाद क्या होता है?**
पैरामेडिकल परीक्षण और अतिरिक्त आवश्यक जानकारी बीमा कंपनी को भेज दी जाती है। परीक्षण के दौरान एकत्र किये गए नमूनों को हमारी प्रयोगशाला में या किसी अन्य मनोनीत प्रयोगशाला में भेज दिया जाता है और परिणामों को मूल्यांकन के लिए बीमा कंपनी के पास भेज दिया जाता है। ExamOne के पेशेवर प्रयोगशाला में नमूने(नों) पर किये गए परीक्षणों के बारे में कुछ नहीं जानते हैं और उन्हें इस परीक्षण के परिणाम प्रदान नहीं किए जाते हैं।

**आवेदक के लिए निर्देश:**
सटीक जानकारी प्राप्त करने के लिए, यह अनुशंसित किया जाता है कि आप:
- मौजूदा दवाइयों के नाम और उनकी खुराक की जानकारी प्रदान करें
- पिछले पांच वर्षों में जिन क्लिनिक या डाक्टरों से मुलाकात की है उनके नाम, पते और फोन नंबर उपलब्ध करवाएं।
- चिकित्सकीय हालातों या निदानों की जानकारी के साथ-साथ निदान की तिथि, उपचार, उपचार के परिणाम और इलाज करने वाले डाक्टर की जानकारी की सूची साथ लाएं।
- परीक्षण के समय अपने तस्वीर वाले पहचान पत्र के साथ तैयार रहें।
- आवेदन के लिए आपको भेजी गई किसी भी प्रकार के कागज़ात तैयार रखें और निरीक्षक को उपलब्ध करवाएं जब तक कि आपका एजेंट आपको अन्यथा निर्देश न दे।
- नमूना प्रदान करने से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्याओं के इतिहास की जानकारी प्रदान करें।
- परीक्षण से 12 घंटे पहले तक जोरदार कसरत करने से बचें।
- परीक्षण से 24 घंटे पहले तक नमक और उच्च कोलेस्ट्रॉल युक्त भोजन की मात्रा सीमित रखें।
- मुलाकात से कम से कम 12 घंटे पहले तक अल्कोहल युक्त पेय पीने से बचें।
- मुलाकात से 4-8 घंटे पहले तक कुछ न खाएं।
- मुलाकात से 1 घंटा पहले तक कैफीन और निकोटीन का सेवन सीमित
- मात्रा में करें।
- मुलाकात से 1 घंटा पहले एक गिलास पानी पिएं।

यदि कोई अन्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं तो तत्काल ExamOne Quality Assurance को 1-800-873-8845 एक्सटेंशन 1303 पर सूचित करें।

---

## मुलाकात का विवरण:

तिथि: ______________________ स्थान: ______________________

समय: ______________________ ExamOne का टेलीफोन नंबर: ______________________